St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text : (1st Term) **(Answer Worksheet –3)** **Date: 04.07.2020**
Topic: चतुर कौन ? **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर लिखो :-

1 इस कहानी में जो चार जानवर थे , वे क्या थे और क्या करते थे ?

उ-इस कहानी में चार जानवर है - सियार, लोमड़ी , भेड़िया और सिंह | ये चारो जंगल में एक साथ रहते थे | शेर जंगल का राजा था और आराम से रहता था | सियार ,लोमड़ी और भेड़िया भी खुश थे | लोमड़ी मंत्री , भेड़िया सेनापति और सियार अर्दली था |

2 सिंह भेड़िये से क्यों नाराज़ हो गया ?

उ-एक दिन की बात है | सिंह ने मुँह खोल के जम्हाई ली | पास में भेड़िया बैठा था | उसने शेर से कहा की उसके मुँह से बदबू आ रही है | उसकी बात सुनकर शेर नाराज़ हो गया कि उसने जंगल के राजा कि बुराई कैसे की |

3 शेर ने भेड़िये को कैसे मारा ?

उ-भेड़िये की बात सुनकर शेर बहुत नाराज़ हो गया |उसने कहा की वह जंगल का राजा है , उसके मुँह से बदबू कैसे आ सकती है ? वह भेड़िये पर झपटा और उसकी गर्दन तोड़ दी | अपने पंजो से उसका पेट फाड़ दिया | भेड़िया बेचारा बेमौत मर गया |

4 सियार ने शेर की चापलूसी कैसे की ?

उ- सियार भेड़िये की हालत अपनी आँखों से देख चुका था | उसने सोव्हा की सिंह बहुत नाराज़ है . इसलिए उसे नरमी से काम लेना चाहिए | उसने शेर की चापलूसी करते हुए कहा कि उसके मुँह से इलायची कि खुशबु आ रही है | इलायची कि खुशबु कितनी प्यारी है | फिर वह सिंह को खुश करने के लिए ज़ोर - ज़ोर से हॅसने लगा और उसकी तारीफ करने लगा |

Poonam Mehra